Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय – 03 | नात्सीवाद और हिटलर

**QUIZ-03**

1. **नात्सी विचारधारा में किस नस्ल को सबसे ऊँचा स्थान दिया गया था?**
   A. यहूदी B. नॉर्डिक जर्मन आर्यन
   C. पोलिश D. जिप्सी (B)

*व्याख्या :* नात्सियों के अनुसार ब्लॉन्ड बाल और नीली आँखों वाले नॉर्डिक जर्मन आर्यन सर्वोच्च माने जाते थे।

2. **हिटलर की नस्ली सोच किन विचारकों से प्रभावित थी?**
   A. मार्क्स और एंगेल्स B. डार्विन और स्पेंसर
   C. रूसो और लॉक D. प्लेटो और अरस्तु (B)

*व्याख्या :* हिटलर की नस्ली सोच डार्विन के "प्राकृतिक चयन" और स्पेंसर के "सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट" विचारों से प्रभावित थी।

3. **'लेबेन्स्त्राउम' (Lebensraum) किससे सम्बंधित था?**
   A. धार्मिक सुधार B. क्षेत्रीय विस्तार
   C. आर्थिक मंदी
   D. सांस्कृतिक आंदोलन (B)

*व्याख्या :* 'लेबेन्स्त्राउम' का अर्थ था – जीवन-परिस्थिति, जिसके लिए हिटलर अधिक से अधिक क्षेत्रों पर कब्जा करना चाहता था।

4. **नात्सियों के अनुसार सबसे बड़ा शत्रु कौन था?**
   A. कम्युनिस्ट B. यहूदी
   C. रूसी D. पोलिश (B)

*व्याख्या :* नात्सियों ने यहूदियों को आर्यों का कट्टर शत्रु और अवांछित नस्ल माना।

5. **'यूथनेजिया कार्यक्रम' किसके लिए चलाया गया था?**
   A. गरीब किसानों के लिए B. सैनिकों के लिए
   C. मानसिक या शारीरिक रूप से अयोग्य लोगों के लिए
   D. यहूदी व्यापारियों के लिए (C)

*व्याख्या :* नात्सियों ने मानसिक या शारीरिक रूप से अयोग्य लोगों को मौत के घाट उतारने के लिए 'यूथनेजिया कार्यक्रम' चलाया।

6. **नाइट ऑफ ब्रोकन ग्लास (Kristallnacht) कब हुआ था?**
   A. 1935 B. 1938
   C. 1940 D. 1942 (B)

*व्याख्या :* नवम्बर 1938 में यहूदियों की सम्पत्ति नष्ट की गई, आराधनालय जलाए गए और लोगों को गिरफ्तार किया गया।

7. **नात्सियों ने यहूदियों और जर्मनों के बीच विवाह को क्या घोषित किया?**
   A. मान्य परंपरा B. अपराध
   C. धार्मिक कर्तव्य
   D. सांस्कृतिक एकता (B)

*व्याख्या :* न्यूरेम्बर्ग कानून (1935) के अनुसार यहूदियों और जर्मनों के बीच विवाह और संबंध अपराध घोषित किए गए।

8. **यहूदियों को समाज से अलग रखने के लिए जो बस्तियाँ बनाई गईं उन्हें क्या कहा जाता था?**
   A. कैम्प B. कॉलोनी
   C. घेटो D. बैरक (C)

*व्याख्या :* यहूदियों को अलग-थलग बस्तियों में रखा जाता था जिन्हें 'घेटो' कहा जाता था।

9. **1941 के बाद यहूदियों के खिलाफ किस चरण की शुरुआत हुई?**
   A. बहिष्कार
   B. दड़बाबंदी (Ghettoisation)
   C. विनाश (Extermination) D.निर्वासन (C)

*व्याख्या :* 1941 के बाद यहूदियों के बड़े पैमाने पर संहार की योजना शुरु हुई, जिसे 'विनाश चरण' कहा गया।

10. **'अंतिम समाधान' (Final Solution) से क्या तात्पर्य था?**
   A. आर्थिक सुधार
   B. यहूदियों का पूर्ण विनाश
   C. युद्ध की समाप्ति
   D. शिक्षा व्यवस्था में सुधार (B)

*व्याख्या :* 'अंतिम समाधान' का अर्थ था – यूरोप से यहूदियों का पूर्ण संहार, जिसमें गैस चेंबरों और यातना शिविरों का प्रयोग हुआ।

मिशन ज्ञान जब चाहें जहाँ चाहें जो चाहें 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App